## खबर संक्षेप

### जिले में अभी तक 275.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 275.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 418.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 12 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 12 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.8, अमरवाड़ा में 18.2, चौरई में 57.4, हर्रई में 2.2 और चांद में 15 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 226.3, मोहखेड़ में 354.2, तामिया में 299, अमरवाड़ा में 354.6, चौरई में 308.4, हर्रई में 149.2, बिछुआ में 335.4, परासिया में 198.7, जुन्नारदेव में 198, चांद में 396.8 और उमरेठ में 213.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पैरालीगल वालेंटियर्स की ऑनलाईन बैठक का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाडा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिदवाडा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर द्वारा गत दिवस जिले के सभी पैरालीगल वालेंटियर्स की ऑनलाईन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाडा श्री ठाकुर द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। साथ ही पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गई एवं पंच-ज अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा आदि शामिल है।

## मतगणना आज: मतगणना स्थल परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

# मतगणना स्थल परिसर में धारा 163 रहेगी लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा




भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विधानसभा उप निर्वाचन 2024 की घोषणा 10 जून 2024 के साथ ही जिला छिंदवाड़ा के विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा में 10 जुलाई 2024 को चुनाव सम्पन्न हुये हैं और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतगणना 13 जुलाई 2024 को शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में संपादित की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिये मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था, पारदर्शिता, निष्पक्षता, लोकशांति एवं लोक सुरक्षा बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू करते हुए लोक हित में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है ।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार मतगणना स्थल परिसर शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) छिंदवाड़ा के 200 मीटर क्षेत्र में मतगणना समाप्ति तक के समय के लिये मतगणना स्थल परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । मतगणना स्थल भवन की परिधि के 200 मीटर की दूरी में अधिकृत वाहनों को छोड़कर सभी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा और मतगणना केन्द्र की 200 मीटर की दूरी के भीतर किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के घातक हथियार जैसे चाकू, लोहे की छड़, लाठी, तलवार, भाला, बरछी, फरसा, गंडासा, आग्नेय शस्त्र आदि लेकर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । यह प्रतिबंध शासकीय, अर्ध्दशासकीय निकायों के सुरक्षा कर्मियों, पुलिस कर्मियों, विशेष पुलिस कर्मियों और ऐसे शासकीय अधिकारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें जिला प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये नियुक्त किया गया हो एवं जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुरक्षा मापदण्डों के आधार पर विशेष छूट प्राप्त हो । मतगणना स्थल पर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कही भी घूमने की अनुमति नहीं रहेगी । जिला/सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही अभ्यर्थी, उनके मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रह सकेंगे । मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की नारेबाजी, चिल्लाना, चीखना या अव्यवस्थित तरीके से कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी की बिना अनुमति के मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन, आई.पेड, लेपटॉप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिससे आडियो या वीडियो रिकार्ड किया जा सकता है, को मतगणना स्थल में लाने की अनुमति नहीं रहेगी। केवल आयोग के पर्यवेक्षक अपवाद होंगें । मतगणना स्थल में धूम्रपान, मद्यपान, गुटखा पाउच आदि का उपयोग प्रतिबंधित होगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी को प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूध्द भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

### मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण संपन्न



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अमरवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिये नियुक्त सभी मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण आज शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमटेकरी छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा के रिटर्निंग अधिकारी श्री हेमकरण धुर्वे ने सभी मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों को मतगणना के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर श्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों को मतगणना कार्य के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों के परिचय पत्र बनाकर उन्हें वितरित किये गये। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का द्वितीय रेंडमाईजेशन संपन्न



अमरवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का द्वितीय रेंडमाईजेशन आज कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ। यह द्वितीय रेंडमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह व विधानसभा अमरवाड़ा के आर.ओ.श्री हेमकरण धुर्वे की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, मैनपॉवर मैनेजमेंट के नोडल अधिकारी उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री अंकित भार्गव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वेयर हाउस में संधारण के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 13 जुलाई 2024 को मतगणना के बाद शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा से जिला ईव्हीएम वेयरहाउस नागपुर रोड ईएलसी चौक छिन्दवाड़ा तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा के निर्वाचन में उपयोग की गई ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों का परिवहन किया जायेगा। इसके बाद जिला ईव्हीएम वेयरहाउस नागपुर रोड ईएलसी चौक छिन्दवाड़ा में स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित संधारित की जायेगी, जो 45 दिन की अवधि तक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संधारित रहेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे ने बताया कि ईव्हीएम वेयरहाउस नागपुर रोड ईएलसी चौक छिन्दवाड़ा में उपयोग की गई ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों को संधारित किये जाने के लिये जिला ईव्हीएम वेयरहाउस को शाम 5 बजे के स्थान पर अब दोपहर 01 बजे खोला जायेगा एवं शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा से परिवहन कर जिला ईव्हीएम वेयरहाउस उपयोग की गई ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में संधारित कर सीलबंद किया जायेगा । इस संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है।

## अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्र.-123 अमरवाड़ा (अ.ज.जा.) की मतगणना शनिवार, 13 जुलाई को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। यह मतगणना शासकीय पीजी कॉलेज भवन, छिंदवाड़ा में दो हॉल में कराई जाएगी। मतगणना के सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये हैं। 332 मतदान केन्द्रों की मतगणना के लिये लगाई जाएंगी 17 टेबल्स- अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 332 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं द्वारा ईव्हीएम में डाले गये मतों की गणना के लिए 17 टेबल्स एवं पोस्टल बैलेटस की मतगणना के लिये चार टेबल्स लगाई जाएंगी। मतगणना लगभग 20 राउंडस में सम्पन्न कराई जाएगी।

### मतगणना स्थल पर रहेगी त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत पासधारी व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना सेंटर पर प्रवेश नहीं करेगा। मतगणना कर्मियों का त्रि-स्तरीय रेण्डमाईजेशन होगा। प्रथम एवं द्वितीय स्तर का रेण्डमाईजेशन हो चुका है। तृतीय रेण्डमाईजेशन 13 जुलाई को सुबह 5 बजे किया जायेगा।
गणना व्यवस्था- प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाईजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक काउंटिंग स्टॉफ तथा एक माइक्रो ऑब्र्जवर रहेगा। करीब 75 गणनाकर्मी मतगणना सम्पन्न कराएंगे।

### मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जा सकेंगे

मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी।

### ये सामग्री रहेगी प्रतिबंधित

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा प्रतिबंधित रहेगा। किसी को भी मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। केवल आरओ, एआरओ, काउंटिंग सुपरवाइजर जो ईटीपीबीएमएस/इनकोर से जुडे हैं, वे केवल ईटीपीबीएमएस/इनकोर ओपन करने के लिए ओटीपी हेतु मोबाइल ले जा सकेंगे।

### कानून व्यवस्था, लोक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को सौंपे दायित्व

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा के विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना के दौरान स्थानीय मतगणना स्थल शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में 13 जुलाई 2024 को कानून व्यवस्था, लोक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। मतगणना स्थल पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन होंगे। सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा एवं पुलिस अधिकारियों से आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य सम्पादित करेंगे। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री के.सी.बोपचे ने सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारी पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर भारत निर्वाचन आयोग/मुख्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं/सामग्री मोबाईल, पेन ड्राईव, हिडन कैमरा एवं गुटका, पाऊच, मादक एवं धूम्रपान एवं अन्य सामग्री को मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं होने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारी को प्रभारी अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन से संपर्क कर मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम खुलने के पूर्व से मतगणना कार्य समाप्ति तक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## यश अमलानी बने मिस्टर ग्लोबल



**परासिया :** देश के प्रसिद्ध टी.वी. रियलिटी शो इंडियाज़ टॉप मॉडल सीज़न-6 का ग्रैंड फिनाले दिनांक 1 जुलाई को जयपुर में हुआ जिसे अंतरराष्ट्रीय शख्सियतों ने जज किया।देश के अलग-अलग क्षेत्रों से तकरीबन 100 भिन्न श्रेणियों में चयनित फाइनलिस्टस ने भाग लेकर फिटनेस राउंड , टैलेंट राउंड , रैंप वॉक राउंड व अन्य प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखाया । जो की नेशनल टेलिविजन जैसे जलवा व यूट्यूब में प्रसारित होगा।जिसमें परासिया शहर के नामी किराना व्यपारी कन्हैयालाल अमलानी के सुपुत्र यश अमलानी ने विजयी होकर मिस्टर ग्लोबल का खिताब अपने नाम किया ।यह छिन्दवाड़ा जिले के एकमात्र प्रतियोगी रहे । यश ने मई माह में भोपाल में हुए मॉडलिंग कॉन्टैस्ट मिस्टर मध्य प्रदेश में फर्स्ट रनर अप व मिस्टर प्रिंस चार्मिंग और अब इंडियाज़ टॉप मॉडल में मिस्टर ग्लोबल का खिताब पाने का श्रेय अपने परिवार के साथ-साथ शहर की जनता के स्नेह को दिया ।

## जिले में मोती की खेती का नवाचार किया जाएगा- कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले में मोती की खेती का नवाचार करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में मोती की खेती का नवाचार करने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, डीन एवं सह संचालक उद्यानिकी महाविद्यालय डॉ.आर.सी.शर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाड़ा के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.ध्रुव श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं जिला प्रबंधक, ग्रामीण आजीविका मिशन छिंदवाड़ा श्रीमती रेखा अहिरवार एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक श्रीमती चंचल भार्गव ने केन्द्र पर चलाई जा रही मोती की खेती के बारे में प्रेजेन्टेशन व वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने पीओ मनरेगा को निर्देश दिये हैं कि प्रत्येक विकासखंड में ऐसे तालाब का चयन करें जिसमें वर्षभर पानी की उपलब्धता रहती है और जो मोती की खेती के लिए उपयुक्त हो। साथ ही जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन को निर्देश दिये कि प्रत्येक विकासखंड में 2-2 स्व-सहायता समूहों का चयन कर कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव छिंदवाडा से समन्वय कर प्रशिक्षण दिलाकर मोती की खेती का नवाचार जिले में करायें।

## रेलवे कर्मचारियों की समस्या निवारण व चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**परासिया :** रेलकर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य जांच के लिए शुक्रवार को रेलवे स्टेशन परासिया में जांच और समस्या निवारण शिवा आयोजित हुआ । रेल कर्मचारियों की समस्या सुनकर उनका मौके पर ही निराकरण किया गया । मध्य रेल नागपुर मंडल के डीआरएम मनीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेल कार्मिक शाखा तथा चिकित्सा विभाग द्वारा परासिया रेलवे स्टेशन पर शिविर का आयोजन किया गया । रेल कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई । वहीं कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर नागपुर मंडल की वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सांझी जैन के नेतृत्व में उम्मीद कैंप एवं एचआरएमएस का आयोजन किया गया । शिविर में नागपुर के रेलवे डॉक्टर तथा चिकित्सा कर्मचारी द्वारा उपचार किया गया । कार्मिक शाखा से कल्याण निरीक्षक आमला श्री धोटे , पलाश चौरसिया , संजय अलोने द्वारा समस्याएं लिखी गई । परासिया स्टेशन प्रबंधक श्री बत्रा द्वारा शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया गया ।



## जिले में शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा मोहर्रम का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मोहर्रम का पर्व चांद नज़र आने के बाद 08 जुलाई से प्रारंभ हो गया है, जो 17 जुलाई 2024 तक मनाया जायेगा। मोहर्रम की पहली तारीख से दस तारीख तक विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जिले में मोहर्रम पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के लिये आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में समिति के सभी सदस्यों से बारी-बारी से सुझाव लिये गये और सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय के उपरांत संबंधित अधिकारियों को तद्नुरूप आवश्यक कार्यवाही करते हुये समुचित व्यवस्थायें बनाने के लिए निर्देशित किया गया । कलेक्टर श्री सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री खत्री ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि त्यौहार में पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जायेंगी और हर संभव सहयोग किया जाएगा। साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, मार्गों को ठीक करने, मार्गों से अतिक्रमण हटाने, विद्युत के झूलते तारों को सही करने, ताजियों के विसर्जन स्थल बड़ा तालाब में पर्याप्त रोशनी, साफ सफाई, पंडाल, पानी, कुर्सी आदि व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें संबंधित विभागों के माध्यम से कराई जाएंगी। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मोहर्रम का त्यौहार आपसी समन्वय, शालीनता और शांति के साथ पूरे उल्लास से मनायें। त्यौहारों में धार्मिकता व सामाजिक समरसता के भाव के साथ ही आपसी भाईचारा और सौहार्द्र बनाये रखें।

## जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर ने लगाये पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा आज छिंदवाड़ा में वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत ज़िले में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित इकाइयों के आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र एवं उद्यानिकी महाविद्यालय में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न फलदार वृक्षों के पौधे लगाये गये। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र एवं उद्यानिकी महाविद्यालय में संतरे, नारियल, अमरूद, करौंदा आदि के पौधे लगाये । इस अवसर पर उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आर.सी.शर्मा ने अनुसंधान केंद्र एवं महाविद्यालय में चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में कलेक्टर श्री सिंह को अवगत कराया ।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.डी.सी.श्रीवास्तव ने केंद्र में चल रही गतिविधियों को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया । इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा गन्ने की नवीन क़िस्म की प्रदर्शन इकाई के बारे में कलेक्टर श्री सिंह को अवगत कराया। वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम में उप संचालक पशुपालन डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार, उप संचालक उद्यानिकी श्री एम.एल.उईके, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, सहायक संचालक श्री नीलकंठ पटवारी ने भी भाग लिया । साथ ही कलेक्टर श्री सिंह द्वारा केंद्र में श्रीअन्न, मूँगफली, सोयाबीन, अरहर, ज्वार आदि फ़सलों के फसल संग्रहालय का भी अवलोकन किया गया । केंद्र की वैज्ञानिक डॉ.सरिता सिंह ने प्राकृतिक खेती प्रदर्शन व केंचुआ खाद इकाई के बारे में जानकारी दी । श्रीमती चंचल भार्गव द्वारा केंद्र पर संचालित मोती पालन परियोजना का प्रस्तुतीकरण वीडियो डाक्यूमेंट्री के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से कई राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने 07 जुलाई को भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 03 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला और श्री नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं।

62 वर्षों बाद देश ने किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश देकर स्वीकारोक्ति की है। भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की बताई चार जातियां युवा, गरीब, महिला और किसान सहित सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए किए गए कार्यों से विजय मिली है।

मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ाभाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा बताई गई चार जातियों के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार लगातार कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार का हाल ही में 03 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। भारत के इतिहास में 6 दशकों के बाद स्थिर सरकार के वैश्विक महत्व को रेखांकित करते हुए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए स्पष्ट बहुमत से हमारी सरकार एवं श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया।

## अधिकारियों ने ली सचिव रोजगार सहायकों की बैठक

# अधिकारी-कर्मचारी कर रहे हैं सरकार के आदेश की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागृह में सचिव रोजगार सहायक पीसीओ की आरइएस एसडीओ टी.पी घोड़मारे के द्वारा बैठक लेते हुए समय सीमा के भीतर ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रचार के साथी एक पेड़ मां के नाम लगाने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक के दौरान पीसीओ एडीपीओ एवं सचिव की उपस्थिति में आठ बिंदुओं पर चर्चा की है।

भवन कर्मकार मंडल पर विद्युत चर्चा के साथ ही ग्राम पटेल के बोर्ड विधानसभा प्रश्न लगने से उनके पटल पर लिखने हेतु पंचायत में कक्ष में बैठने हेतु व्यवस्था बनाने, सीएम हेल्पलाइन शिकायत की सरलता के साथ में शिकायतकर्ताओं का समाधान करते हुए बंद करने सभी रोजगार सहायक सचिव को निर्देश दिए गए है। जप खंड पंचायत अधिकारी



सुभाष ठाकरे ने बताया कि जनपद सभा कक्ष में संपन्न हुई बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा करते हुए सचिव रोजगार सहायकों को 15 जुलाई तक पंचायत में एक पेड़ मां के नाम के लक्ष्य को पूरा करने आदि निर्देश दिए गए हैं।

### शाम 6 बजे से पहले खाली हो रहे हैं शासकीय कार्यालय

मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के मुखिया के द्वारा शासकीय विभागों कार्यलयोंमें सुबह 10 बजे से लेकर शाम6 बजे तक कार्यालय समय रखा गया है।बावजूद इसके सौसर क्षेत्र नगर के अंतर्गत आने वाले कई कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। शुक्रवार को कई शासकीय कार्यालय के कर्मचारी 5 बजे के बाद में अपने कार्यालय से नदारत नजर आए है।जनपद पंचायत में कई कर्मचारी शाम 5 बजे के पहले ही अपना कार्यालय छोड़ चुके थे। निरीक्षण के जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय के बाजू के कार्यालय के एक दो कर्मचारियों को छोड़कर बाकी के अधिकारी कर्मचारी नदारत नजर आए है। वहीं पंचायत प्रकोष्ठ शाखा में बीपीओ सहित कर्मचारी शाम 6 बजे के बाद भी अपना कार्य करते हुए दिखे है। ऐसा ही कुछ हाल अन्य कार्यालयों के भी है। जहां पर शाम 6 बजे के पहले ही कर्मचारी

## मासिक पत्रिका की गई सप्रेम भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शिक्षक शरद कुमार शिववेदी प्राथमिक शिक्षक एकीकृत शासकीय हाई स्कूल बरेलीपार , शिक्षा संदर्भ समूह के ब्लाक समन्वयक द्वारा कार्यालय पहुंचकर विकासखंड स्त्रोत समन्वय अरविंद डेहरिया और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश जोशी को ₹अध्यापक की आवाज₹ मासिक पत्रिका सप्रेम भेंट की गई।समन्वयक शरद कुमार शिववेदी शिक्षक द्वारा शिक्षाविद गिजुभाई बधेका, शिक्षाविद डॉक्टर गुलाब चौरसिया की सोच ,विचारधारा, शिक्षादर्शन व कार्य के संबंध में सारगर्भित चर्चा की गई। शिक्षकों को रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने हेतु संगोष्ठी कार्यशाला का आयोजन करने के संबंध में विस्तृत चर्चा कीजिए। जिसमें दोनों अधिकारियों के द्वारा अपनी सहमति दी गई। अध्यापक की आवाज पत्रिका अपने लेख प्रेषित करने की भी बात कही गई। ताकि शिक्षकों को भी उत्साहित कियाजा सके। विकासखंड में नवाचार व उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को गिजुभाई शिक्षा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित करने हेतु एवं शिक्षा संदर्भ ऑन के संबंध में विशेष चर्चा की गई।

# मुख्यालय पर नहीं रहते स्कूल के शिक्षक अधिकारी और कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मोहगांव हवेली डी.के एम .उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अनियमिताओ को लेकर सौसर प्रशासन को शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।प्रशासन को सोपे ज्ञापन में नगर युवक कांग्रेस मोहगाव हवेली प्रभारी सैयद जुबेर अली ने बताया कि मोहगांव क्षेत्र की शासकीय डी.के एम .उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे अध्ययन के लिए आते हैं, परंतु स्कूल में बहुत सारी परेशानी हो रही है, स्कूल शुरू होने को 2 माह हो गए हैं,और वहां पर पिरेड नहीं लग रहे हैं,बच्चे परेशान हो रहे हैं,शिक्षक लोकल के होने के कारण हरदिन पिरेड नहीं लेते है।अध्यापक के समय शिक्षक मोबाइल पर लगे रहते हैं।बच्चों को कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सालों से स्कूल का रिजल्ट बहुत खराब आ रहा है। स्कूल में फैली हुई अव्यवस्था शिक्षकों की कमी से बच्चों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है।नियम से शिक्षकों के द्वारा स्कूल मुख्यालय पर रहकर बच्चों को शिक्षा देना चाहिए पर बड़ी संख्या में इस विद्यालय में शिक्षक बाहर से आना-जाना करते हैं, जिसके कारण भी बच्चों का नुकसान हो रहा है।

संस्था में नियमित साफ सफाई नहीं होने के चलते स्कूल परिसर एवं कमरों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसके चलते बच्चों को गंदगी में अध्यापन कार्य करना पड़ रहा है। सौसर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आकस्मिक जांच कर लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान दिनेश वंजारी . अशरफ अली जिगर आहके,अंकुश उईके अनुभाव रूघे.हर्ष सदारंग आदि उपस्थित थे।

## 11 जुलाई अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** आज जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा कलेक्टर कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना विश्वकर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा गया ,प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट हिमांगी अरोरा के निर्देशानुसार पूरे जिलों में जनसंख्या नियंत्रण कानून के समर्थन में माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम और कलेक्टर ऑफिस में ज्ञापन दिया गया। प्रदेश सचिव श्रीमती हर्षा बनोदे ने बताया कि हम दो और हमारे दो का कानून जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए आज बढ़ती जनसंख्या दर वृद्धि के कारण बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है धरती मन करे पुकार अब नहीं सहेगी भार जिला संयोजिका रानी सूर्यवंशी द्वारा अपील की गई कि जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित श्रीमती रिंकी चौरसिया रूपाली जोशी लक्ष्मी यदुवंशी निर्मला पहाडे रूपा प्रधान सीमा सूर्यवंशी सरिता धुर्वे गायत्री कुशवाहा शिवानी विश्वकर्मा गीता यादव आशा सोनी प्रमिला कश्यप ललिता ठाकरे अनीता चंद्रपुरी शारदा सोनी प्रिया कलुरी संतोषी ऊइके सीमा साहू कौशल्या साहू आदि मौजूद थे।

## खामखेड़ा के हैडपंप ने उगला आयरन युक्त लाल पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

खामखेड़ा पंचायत के आश्रित तीन गांव में से एक गांव खामखेड़ा में दुर्गा स्टेज के समीप बंशी के घर के पास पीएचई विभाग के जरिए हेण्डपम्प के लिए किए गए एक बोरवेल में आयरन युक्त पानी निकल पड़ा । लाल रंग की अधिकता की वजह से ग्रामीणों ने उपयोग करने से पहले इसकी शिकायत पहले पंचायत और फिर पीएचई विभाग के तकनीकी उपयंत्री को दी । पीएचई विभाग ने पानी की लेबोटेरी जांच कराई और अंततः इस हेण्डपम्प को उपयोग के लायक नही मानकर इस हैण्ड पम्प को बन्द करवा दिया ।

ग्रामीण ने बताया कि गांव के शिव मंदिर के पास स्थित हैंडपंप से बारिश के समय से लाल पानी आ रहा था । ग्रामीणों का अनुमान था कि पाइप लाइन में रिसाव या अन्य किसी वजह के कारण ऐसा हो रहा है। उन्होंने इस समस्या की शिकायत पंचायत तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में की वही दो बार स्थानीय



फाइल फोटो

अखबारों में भी समस्या के निराकरण बाबद खबरे प्रकाशित कराई ।, उधर पीएचई विभाग के उपयंत्री श्री नेताम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर पीएचई विभाग ने ध्यान देकर सम्बन्धित हेण्डपम्प से निकले पानी की सैम्पलिंग लेकर पानी की जांच कराई । जांच में आयरन की मात्रा तय मानकों से ज्यादा पायी गयी जो ग्रामीणों की सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती थी ।ऐसे में विभाग ने तत्काल इस हैंड पम्प को बन्द करवा दिया है ।पीएचई उपयंत्री के मुताबिक गांव में हर घर है नलजल योजना संचालित है सरपंच पुलकराम अहके ने बताया खामखेड़ा रैयत गांव कुल सात हैण्डपम्पस स्थापित हैं । इनमें से कुल 6 हेडपप चालू स्थिति में है । यहाँ जल जीवन मिशन योजना भी संचालित है । वर्तमान जनसंख्या के अनुपात में ग्राम वासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो रहा है । दुर्गा स्टेज के पास बंसी के घर वाला हैडपप को लाल खराब पानी आने की वजह से बंद किया जा चुका है ताकि ग्राम की जनता के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव न पड़े ।

### भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालाघाट की बैठक सम्पन्न

**वारासिवनी।** शुक्रवार 12 जुलाई 2024 को स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर वारासिवनी में स्थित भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में बालाघाट जिले के स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षकों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सत्र प्रारम्भ से लेकर अब तक के कार्यों की विस्तृत समीक्षा एवं बिंदु वार जानकारी प्राप्त की गई। समस्त उपस्थित प्रभारी शिक्षकों को वार्षिक कार्यक्रमों से अवगत करवा कर पूरे सत्र में विधिवत निर्धारित कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त के बिसेन, जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत, उपाध्यक्ष समीर बिसेन, कोषाध्यक्ष भेजेंद्र चौधरी, निर्माण समिति अध्यक्ष पंचम हनवत, जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोलीराम भगत, जिला सचिव राजकुमार टेंभरे आदि उपस्थित रहे।

## बनेरा से कोड़मी सड़क मार्ग का हाल-बेहाल : पीएम ने 4 माह पहले किया सड़क का शिलान्यास



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी के ग्राम बनेरा से कोड़मी को जोड़ने वाला 4.20 किमी का सड़क मार्ग बारिश के बाद बेहाल हो गया है. इस मार्ग पर सफर करना बेहद मुश्किल भरा हो गया है. जिसमें सर्वाधिक दिक्कत स्कूली विद्यार्थियों को हो रही है. इसी वर्ष 29 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीसी के जरिए इस सड़क का शिलान्यास किया था. ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सड़क का जल्द ही निर्माण कार्य होगा लेकिन इन चार महीनों में सड़क का कार्य शुरू नहीं हो पाया है. लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अब तक सड़क की हालत को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई है. अभी बरसात के मौसम में आलम यह है कि यहां साइकिल, मोटर साइकिल चलाना तो दूर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है. लोहमारा और कोड़मी के विद्यार्थियों ने सड़क की बदहाली को देखते हुए बनेरा के हाईस्कूल जाना बंद कर दिया है कुछ बच्चों ने बनेरा हाईस्कूल से अपना नाम कटवा लिया है ताकि उन्हें रोज-रोज इस परेशानी का सामना ना करना पड़े. मतलब सड़क की बहदाली से ना सिर्फ कुछ गांवों का आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि गरीब बच्चों की शिक्षा पर भी असर पड़ रहा है. वैसे शिलान्यास होने के बाद अब तक महज 04 किमी. की इस सड़क का निर्माण हो जाना था।

गौरतलब हो कि जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने वीसी के जरिए सड़क का शिलान्यास किया तो ग्रामीणों को लगा कि अब उनके दुखों का निवारण हो गया है. वह भी अब पक्की सड़क से आना-जाना करेगें. विधायक गौरव सिंह पारधी ने तब जनपद पंचायत में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में कहा था कि यह सौभाग्य की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्ते वीसी के जरिए कटंगी की दो सड़कों का शिलान्यास हुआ है. विधायक के मुताबिक प्रधानमंत्री के हस्ते सड़क का शिलान्यास होना सौभाग्य की बात है. मगर, सौभाग्य से बड़ी दुर्भाग्य की बात तो यह है जिस सड़क का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने 04 महीने पहले किया है उसका निर्माण आज तक जमीन पर शुरू नहीं हो पाया है. विभाग के कागजों में सड़क की क्या हालत है इस पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता. निश्चित तौर सड़क का शिलान्यास हो चुका है तो देर-सवेर सड़क का निर्माण होगा. मगर, आज जो स्थिति है और ग्रामीणों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है. उस तकलीफ को अधिकारी या जनप्रतिनिधि महसूस नहीं कर पा रहा है. करीब 35 सालों बाद इस सड़क का नवनिर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है. करीब 1 दशक से सड़क अपनी बहदाली पर आंसु बहा रही थी. अब जैसे-तैसे कार्य स्वीकृत हुआ है लेकिन इस बारिश में सड़क, समस्या और ग्रामीणों का दर्द पुराना ही है।

## अतिक्रमण हटाने दिया 24 घंटे का नोटिस, 7 दिन बाद भी नहीं हटा सके अतिक्रमण

# नगर पालिका ने फिर खेला नोटिस-नोटिस का खेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शहर के मोक्षधाम के पास सडक़ किनारे पर स्थित पीडब्ल्यूडी की खाली भूमि पर भूमाफियाओं ने गिद्ध दृष्टि लगा कर बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया हैं। आलम ये हैं कि इस सरकारी जमीन पर से अतिक्रमण को ना तो पीडब्ल्यूडी हटा पा रहा हैं, और ना ही नपा। सबसे बड़ी बात तो ये हैं कि इन कब्जाधारियों को नगरपालिका ने 24 घण्टे का समय अतिक्रमण हटाने के लिए दिया था, लेकिन आज एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नगरपालिका उस सरकारी जमीन को दबंग कब्जाधारियों से मुक्त नहीं करवा पा रही हैं।

### समाचारों के प्रकाशन के बाद दिया था अतिक्रमण कारियों को नोटिस

विदित हो कि बीते दिवस विभिन्न अखबारों में मोक्षधाम से लगी पीडब्ल्यूडी की जमीन पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर खरीदी बिक्री और अतिक्रमणकारी को नगरपालिका द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने बाबद समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद नगरपालिका ने आननफानन में उक्त स्थल के अतिक्रमणकारियों को 5 जुलाई को अपने-अपने अतिक्रमण हटाने के आदेश लिखित में पत्र के माध्यम से दिया था।

### एक सप्ताह गुजरने के बाद भी नहीं कर सके कार्यवाही

लेकिन नगरपालिका द्वारा दिए गए नोटिस को पूरे एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी ना तो अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे हटाए हैं, ना ही 24 घण्टे की अवधि समाप्त होने के 144 घण्टे गुजर जाने के बाद भी नगरपालिका की दबंग सीएमओ सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करवा पाई हैं। इधर पूरी दबंगता के साथ यहाँ के अतिक्रमणकारी अनवरत सरकारी जमीन पर कब्जा कर बदस्तूर निर्माण किए जा रहे हैं।

**नपा में बैठे लोग दे रहे संरक्षण**

जिससे ऐसा लग रहा हैं कि नगरपालिका एक बार फिर से अवैध कार्य करने वालों के साथ नोटिस-नोटिस का खेल खेलकर अपना उल्लू सीधा कर रही हैं और अतिक्रमणकारी नगरपालिका में बैठे कुछ बलशाली लोगों के संरक्षण में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का खेल बदस्तूर कर रहे हैं।

### इनका कहना हैं

हमने अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर 24 घण्टे में कब्जा हटाने कहा था। जिसकी नाफरमानी अतिक्रमणकारियों ने की हैं। सोमवार-मंगलवार को पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सख्ती से की जायेगी।

**दिशा डहेरिया, सीएमओ, नपा वारासिवनी**

## 20 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या, जाँच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी लांजी थाना अंतर्गत आने वाली सुलसुली चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सर्रा के ग्राम गुलपुर में 11 जुलाई की दोपहर एक 20 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदखुशी कर लिया है। घटना की सुचना पहुचे ही देवरवेली चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार सुलसुली चौकी क्षेत्र के ग्राम गुलपुर निवासी देवेन्द्र सिरसाम पिता परदेसी सिरसाम उम्र 20 वर्ष की मौत गरुवार की दोपहर में हो गई थी । मिली जानकारी अनुसार मृतक देवेन्द्र कमाने हेतु हैदराबाद गया था तथा हैदराबाद से लौटे 2 ही दिन हुए थे कि अचानक गुरूवार के लगभग १२ बजे देवेन्द्र ने गाँव से थोड़ी देर में घूम कर अता हूँ कहकर निकला परन्तु ज्यादा टाइम बित जाने से परिजन परेसान होने लगे तव परिजनों ने देवेन्द्र की खोज बिन करना शुरु कर दि तथा पास पडोस व सगे संबंधियों से भी पूछ ताछ की गई 'जव देवेन्द्र का कही पता नहीं चला तब मृतक के परिजनों ने गाँव वालो की मदद से खेतों तथा खेत से लगे जंगलो में मृतक देवेन्द्र की खोज बिन करना शुरु कर दिया तब मृतक के पिता परदेशी सिरसाम को लगभग 4 बजे खेत से लगे जंगल में झाड़ियो के बीच में लगे कार्ली के पेड़ पर दुपट्टे से लटका हुआ मिला तब मृतक के पिता परदेसी के द्वारा घटना की सुचना सुलसुली चौकी में दी गई । लसली चौकी से पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लांजी सिविल अस्पताल लाया गया जंहा शव का पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया । इस घटना से पुरे गाँव में मातम सा छा गया, वंही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । परदेसी के दो पुत्र थे जिसमें मृतक देवेन्द्र वड़ा पुत्र था जो बुजुर्ग माता पिता का सहारा था।



## शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया ''राजा शंकर शाह जीवन गाथा कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाडा के आदेशानुसार राजा शंकर शाह जीवन गाथा ''व्यक्तित्व एवं कृतित्व'' विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत व्याख्यान, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल सिरसाम एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा प्रकाश मेश्राम एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 घनश्याम परते, विशिष्ट अतिथि प्रो. एस. डी. तिरपुडे, डॉ0 मिथिलेश्वरी घोरमारे, डॉ0 रक्षा निकोसे उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में प्रो0 विकास साहू, प्रो0 नरेन्द्र डोंगरे, प्रो. दोमदत्त सिंह, मोनिका सोनी, नंदिनी टेंभरे, शिखा देवगिरकर एवं विनिता सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 पूर्णिमा कुमरे के द्वारा किया गया।

## प. पूज्य गुरुदेव श्री शीतलराज जी मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ : खोंगल

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** पूज्य गुरुदेव आचार्य शीतल राज मुनि सा महाराज का रायपुर में पुजारी चैंबर्स रायपुर छत्तीसगढ़ में दर्शन प्राप्त हुए। महाराज जी का आशीर्वाद आशीर्वचन प्राप्त हुआ, महाराज जी प्रवेश काल में रायपुर छत्तीसगढ़ में संतोष पुजारी समाजसेवी उद्योगपति एवं इनकी बिटिया श्रीमति विभा अवस्थी प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा छ ग एवं सदस्य पी ए सी रेल बोर्ड रेल मंत्रालय नई दिल्ली के रायपुर छत्तीसगढ़ निज निवास पुजारी पार्क, पुजारी चैंबर्स रायपुर में दर्शन सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री संतोष पुजारी जी ने कहा कि महाराज सा पूर्व में भी यहा निवास किया और इस वर्ष भी चातुर्मास में आप यही पर प्रवचन एवम सत्संग का लोगो को आशीर्वाद देंगे।अपने आशिवचनो से सर्व समाज को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। विशाल राउत खोंगल ने कहा कि महाराज जी से भेंट कर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सेवा कार्यों से एवं बालाघाट जिले में सेवा कार्यों से अवगत कराया और महाराज जी को बताया कि श्री वीर सोहन वैद्य जी के मार्गदर्शन में सेवाकार्य हो रहा, महाराज जी ने अपने श्रीवचन से सोहन वैद्य जी समाजसेवी के प्रशंसा की और और प्रदेश महामंत्री प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन तक सेवा कार्य और आर्थिक



रूप से कमजोर लोगो की सेवा, महाराज जी को अवगत कराया और ऐसे ही आपका आशीर्वाद बना रहे और यह सेवा कर चलता रहे।

श्री शीतल राज महाराज मुनि श्री ने कहा कि मानव सेवा इस जीवन में सर्वोपरि है और जरूरतमंद की सेवा के कार्य में इंसान का पूर्ण सहयोग होना चाहिए संसार में विचारों की विवेचना करते हुए सतमार्ग पर चले गुरुदेव ने कहा इस संसार में जीव जंतु और वृद्धावस्था में परिवार में सेवा कार्य करते रहे आयुष में अच्छे कर्म करते रहना चाहिए और जीव जंतु मानव सेवा संसार में इस कार्य में अपनी सहभागिता देते रहिए।

# दिल दहला देने वाला मामला: कलयुगी मां ने दो साल की बेटी को टैंक में डुबाकर उतारा मौत के घाट, पहुंची जेल

**सिवनी जिले के सालीवाड़ा घोघरी गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पति से हुए झगड़े के बाद महिला ने एक पल के गुस्से में अपनी मासूम बेटी को ही मार दिया। इसके बाद खुद की जान देने वह कुएं में कूद गई। पति ने कुएं में कूदकर उसे बचा लिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पति-पत्नी के विवाद के बीच मां की ममता उस वक्त मर गई। जब दो साल की नन्हीं से बेटी को पानी भरने वाले टैंक में डुबोकर मौत के घाट उतार दिया। फिर खुद का जीवन खत्म करने की सोच ली। मामला छपारा के सालीवाड़ा घोघरी गांव के चमारी टोले का बताया जाता है। मां ने अपनी दो साल की मासूम बेटी खुशी को पति के साथ चल रहे विवाद की चलते पानी के टैंक में डुबो दिया और खुद कुएं में कूद गई। पति विशतू लाल अहिरवार ने अपनी जान पर खेलकर कुएं में छलांग लगाकर महिला को बाहर निकाल लिया, लेकिन बेटी की जान नहीं बच पाई। घटना की जानकारी पति ने छपारा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मासूम के शव को छपारा अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम के बाद शव पिता को सौंप दिया। हत्या की आरोपित मां को छपारा पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया। जिस तरह से एक मां ने अपनी बेटी मासूम बेटी को मौत के घाट उतारा उसने लोगों को झंझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि महिला का 2021 में विवाह हुआ था। फिलहाल न्यायालय ने आरोपित महिला को जेल भेज दिया है। पुलिस ने निर्दयी मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# सड़क पर मिले पति-पत्नी के शव

**सिवनी के उगदीवाड़ा गांव में रहने वाले पति-पत्नी के शव शुक्रवार की सुबह पांडियाछपारा से बनाथर मार्ग पर मिले। गांव से सौ मीटर दूर खून से लथपथ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गांव के लोगों से सूचना मिलने के बाद उगली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उगदीवाड़ा गांव निवासी लक्ष्मण पुत्र प्यारेलाल धुर्वे (37) अपनी पत्नी लीलाबाई (30) के साथ गुरुवार की शाम घर से निकले थे। इसके बाद शुक्रवार की सुबह दोनों के शव पांडिया छपारा से बनाथर मार्ग पर मिले। उगली थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया है कि दोनों की हत्या कुल्हाड़ी या नुकीले-धारदार हथियार से वार कर की गई है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## धारदार हथियार से हत्या

थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया है कि गांव के लोगों के अनुसार लीलाबाई लक्ष्मण धुर्वे की दूसरी पत्नी थी। लक्ष्मण धुर्वे की पहली पत्नी से छह बच्चे हैं। हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका पता लगाया जा रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# युवक को पहले पीटा, फिर महिलाओं ने पहना दी जूतों की माला, पुलिस ने लिया एक्शन

जिले के कान्हीवाड़ा थाने में एक युवक पिटाई के बाद उसको चप्पल-जूतों की माला पहनाई गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वायरल वीडियो 9 जुलाई का बताया जा रहा है, जिसकी शिकायत पीड़ित सहतर अहीर ने 11 जुलाई को लिखित पुलिस अधिकारियों से की है।



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पीड़ित सहतर का कहना है कि वह डिवठी गांव का निवासी है। 9 जुलाई की रात वह छतरपुर गांव की दुकान गुटखा पाऊच लेने गया था। जहां मौजूद ग्राम पंचायत छतरपुर सरपंच और कांग्रेस नेता सुधीर जैन के आवाज देकर अपने पास बुलाया। जब वह सरपंच जैन के पास गया तो उसने पूछताछ के बाद गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी।

पीड़ित में अपनी शिकायत में कहा है कि वहां मौजूद व्यक्तियों की भीड़ में से किसी ने नहीं रोका और मेरी पिटाई का वीडियो बनाते रहे। मारपीट का कारण पूछने पर बगैर कुछ बताए मारपीट कर वहां मौजूद महिलाओं को सरपंच ने उकसाते हुए मेरे ऊपर जूते-चप्पल की माला डालने कहा गया।

महिलाओं व सरपंच ने मेरे ऊपर जूतों की माला डालकर वीडियो बना लिया। घटना के बाद वह डरा-सहमा वहां से चला गया और घटना के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। वीडियो वायरल पीड़ित सहतर ने पुलिस थाना कान्हीवाड़ा पहुंचकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कान्हीवाड़ा पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ने बताया कि गांव पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पीड़ित व्यक्ति आदिवासी वर्ग का नहीं है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग में आता है। पीड़ित की शिकायत के अनुसार मारपीट व अन्य धाराओं में सरपंच सुधीर जैन सहित अन्य लोगों एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## करंट लगने से दो लोगों की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना अंतर्गत साल्हे और ऐरमा गांव में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना ऐरमा गांव में हुई जहां जानवरों से फसल बचाने के लिए लगाए गए करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि साल्हे निवासी देवी प्रसाद पिता मोतीराम भलावी (45) बुधवार को अपनी पत्नी के साथ खेत गया था। दोपहर में उसकी पत्नी वापस घर आ गई। जब देवीप्रसाद शाम तक घर वापस नहीं आया तो परिजन ग्रामीणों के साथ खेत की ओर गए। कुछ ही दूर पर वह मृत पड़ा था। पैर में बिजली का तार फंसा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांच में पता लगा कि फूलभानशाह ने मक्के की फसल जानवरों से बचाने के लिए करंट फैलाया था जिसकी चपेट में आकर देवीप्रसाद की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में खेत मालिक पर भी मामला दर्ज किया जाएगा। एक अन्य घटना में ऐरमा गांव में नलजल योजना की पाइप लाइन शुरु करने के लिए मोटर पंप चालू कर रहे नलकर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत ऐरमा में नलकर्मी संजय पिता नारायण साहू (45) गुरुवार को मोटर पंप शुरू कर रहा था। तभी स्विच बोर्ड से उसे जोरदार करंट लग गया। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल लाया गया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सवारी, अखाड़े, कव्वाली तथा विसर्जन जुलूस के आयोजन पर अस्त्र -शस्त्रों का प्रदर्शन नहीं होगा

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक का आयोजन गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। बैठक में माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर में आयोजित होने वाले त्यौहारों के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिये गये।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



शांति समिति बैठक सम्पन्न

बैठक में सर्वप्रथम 17 जुलाई मोहर्रम पर्व को लेकर सवारी, अखाड़े, कव्वाली तथा विसर्जन जुलूस के व्यवस्थित रूप से आयोजन को लेकर सर्व सम्मति से पूर्व निर्धारित मार्ग से ही सवारी एवं अखाड़े तथा जुलूस आयोजित होंगे। इस दौरान अस्त्र -शस्त्रों का प्रदर्शन नही किया जाएगा।

उन्होंने आयोजन समिति को आयोजन स्थल, रुट चार्ट, आयोजन में सम्भावित व्यक्तियों की जानकारी पूर्व से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी तरह श्रावण माह में आयोजित होने वाले पर्वो के दौरान मंदिरों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त इस दौरान आयोजित होने वाले लंगर, भंडारे जुलूस आदि के आयोजन के पूर्व अनुमति अवश्य ली जाए साथ ही आयोजन के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी डी शर्मा, एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।

# सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ऑनलाइन कैरियर मार्गदर्शन को लेकर जारी हुये निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये कैरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिये नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। वर्तमान में विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिये यू-रिपोर्ट के माध्यम से लाईव-11 कोर्स् का उपयोग प्रदेश के सीएम राइज और पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी उपयोग कर रहे हैं।

कैरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की समझ एवं कैरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आगे चलकर स्वयं का व्यवसाय और उद्यमशीलता के बारे में जानकारी दी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इसके लिये वे संबंधित विद्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाये। वेबिनार में विद्यार्थी अपनी शंका का समाधान और जिज्ञासा चैट में प्रश्न कर सकते हैं।

प्रदेश के पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन ऐसे विद्यालयों में किया जायेगा जिनके परिसर में आंगनवाड़ी संचालित नहीं है। प्रदेश में 4473 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। जहाँ कक्षा एक से 12, एक से 10वीं, एक से 8वीं और एक से पाँचवी के विद्यालय हैं, जिनके परिसर में आंगनवाड़ी संचालित नहीं है। ऐसे विद्यालयों में नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 का संचालन किया जायेगा। इसके लिये जिला शिक्षा अधिकारी को शाला सत्यापन के साथ इनके प्रमाणीकरण के लिये भी कहा गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं नामांकन प्रक्रिया तथा चयन के मापदण्ड हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल का पत्र क्रंमाक/रा.शि.क.प्र/राष्ट्रीय पुर./2024/1075 भोपाल दिनांक 03.07.2024 एवं भारत सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 हेतु ऑनलाईन आवेदन/नामांकन प्रक्रिया एवं चयन के मापदण्ड प्रसारित किये गये है।**

भारत सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय के वेब पोर्टल https://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर दिनांक 27 जून से 15 जुलाई 2024 तक शिक्षकों से सीधे ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। आवेदन हेतु शासकीय, अशासकीय, स्थानीय निकाय, अनुदान प्राप्त राज्य शासन एवं शिक्षा बोर्ड से मान्यता, सम्बद्धता प्राप्त, प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत शिक्षक जिन्होने न्यूनतम 10 वर्ष का सेवाकाल नियमित शिक्षक के रूप में पूर्ण कर लिया है, नामांकन हेतु पात्र होगें। सेवानिवृत्त शिक्षक, शैक्षिक प्रशासक, शैक्षिक निरीक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यरत अमला, संविदा शिक्षक, शिक्षा मित्र, ट्यूशन कार्य में संलिप्त शिक्षक/प्रधान अध्यापन नामांकन हेतु पात्र नही होगें। शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्य से संबंधित अभिलेख, सहायक सामग्री/की गई गतिविधियों का प्रतिवेदन/किये गये कार्यों के फोटोग्राफ्स, आडियों-वीड़ियों आदि ऑनलाईन अपलोड करने होगें। यदि नामांकनकर्ता शिक्षक द्वारा अपलोड किये गई जानकारी एवं कोई भी अभिलेख/पत्र आडियों-वीडियों सत्यापन के समय गलत पाया जाता है तो शिक्षक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। आवेदन करने हेतु पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी टेकरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन से पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की प्रारंभ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने इस अभियान को पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से चलाने की अपील की है । देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी पवित्र अपील के तहत सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी टेकरी में आज 13 जुलाई प्रातः 11 बजे बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की गरिमामय उपस्थिती में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । शनिधाम ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत शनिधाम टेकरी को हरा बनाने के लिये निरंतर चल रहे प्रयास के तहत एक पेड़ के नाम कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिये टेकरी में धार्मिक महत्व के पौधों का रोपण किया जायेगा ।

आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रेखा योगेश सनोडिया एवं सचिव राहुल यादव ने आम जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आग्रह किया है ।



# जिला भाजपा की कार्यसमिति बैठक आज

**जिला कार्यसमिति की बैठक में होगी विभिन्न विषयों पर चर्चा.**

**मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं बालाघाट सांसद कार्यसमिति की बैठक में होंगे शामिल**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बारापत्थर में जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी है इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों आयोजनों पर विशेष चर्चा के साथ संगठनात्मक विषयों पर भी संवाद होगा भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि इस बैठक में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, नगरपरिषद के अध्यक्ष उपध्यक्ष अपेक्षित रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने बैठक में अपेक्षित सभी सम्मानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण से जिला कार्यसमिति बैठक में शामिल होने आग्रह किया है। कार्यसमिति में पूर्व केन्दीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते एवं बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी उपसिथत रहेंगी ।

# पंचायत जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज केवलारी ।** जनपद पंचायत केवलारी के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के सरपंच एवम जनपद सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष राजनीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर केवलारी अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई थी कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्माण कार्य पर रोक लगाने हेतु पत्र क्रमांक/2285/01.07.2024 में वर्णित है कि ग्राम पंचायतों को मनरंगा से सिर्फ मजदूरी कार्य ही दिये जायेंगे। मटेरीयल(सामग्री) को जोकि 60-40 के अनुपात में केन्द्र सरकार की योजना के तहत पक्के कार्य किए जाते थे। उसे तुरन्त प्रतिबंध हटाया जाये।

साफ जी सरपंचों के मानदेय के सबंध में 2 वर्ष के कार्यकाल में सरपंचों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। मात्र 10 माह का ही भुगतान हुआ है। शेष भुगतान तुरुन्त करवाये जायें।पंचायतों में कुछ फर्जी लोगों के द्वारा 181 पर शिकायत दर्ज कर दी जाती है। जिस कटवाने पर पैसों की डिमांड की जाती है। इस प्रकार के लोगों पर कार्यवाही की जाये। सभी ग्राम पंचायती में खेत तालाब बनाये गये जिसमें मटेरियल पेमेंट कराये बिना ही सी0सी0 जारी कर दी जाती है।साथ ही कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा फर्जी तरीके से पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेल की जा रही है जिससे पंचायतों के काम प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी में पंचायत सरपंच सचिव रोजगार सहायक सहित पदाधिकारियों को ब्लैकमेल किया जाता है ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही की जाएं। ऐसे अनेक मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर,सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश पटेल सरपंच गण अर्जुन राय, शिव नाग, संतोष ठाकुर, गीता वंशकार, सौरभ यादव ,कलीम खान ,हरलाल साहू, दिलीप ठाकुर ,रामकुमार नागोटिया, गणपत मंडे, गीता पटले, अनीता दिलीप कुसरे, विजिया उयके , कमलेश डेहरिया ,प्रीत डेहरिया, रीना साहू ,शिवकुमार उयके,. रजनी यादव छाया पर्दे, महेश म्हात्रे ,मोहित लाल ठाकरे,अशोक रंग डाले, जागेश्वर धोना, लेखा शिवा सोनम देशमुख जनपद सदस्य प्रीति तिलेश्वर., उमा भूपेंद्र रामलाल उसके ,प्रीतम सिंह मसराम सहित जनप्रतिनिधि एवम सरपंचगण उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित स्माल पार्क में किया पौधा रोपण

# रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज का सौंपा ज्ञापन

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे स्टेशन में नवनिर्मित स्मॉल पार्क मे दिनांक 12 जुलाई 2024 को श्री सतीश कुमार चौधरी तहसीलदार के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण का अभियान चला चलाया गया ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।





नगर के सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद प्रसाद उर्फ भूरा साहू के द्वारा रेलवे स्टेशन को 100 पोधे इस अभियान के लिए प्रदान किये गए है। सरकार के द्वारा चलाई जा रही पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम का अभियान स्टेशन अधीक्षक चंद्रजीत सिंह प्रबंधक, मनन कुमार यादव, रजनीश सिंह उप प्रबंधक रेलवे के मार्गदर्शन में तैयार कराए गए स्माल पार्क पर विभिन्न प्रजातियां के 21 पौधों का डा अविनाश तिवारी, सुश्री गायत्री जी संचालक ब्रह्माकुमारीज संस्थान रमाशंकर महोबिया अध्यक्ष ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति, सुधीर पांडेय अध्यक्ष, रफीक खान राकेश आत्मपुज्य उपाध्यक्ष बेनगंगा प्रेस संगठन ,पवन यादव अधिवक्ता ,प्रवीण दुबे संपादक बेनगंगा टाइम्स प्रीतम पाल प्रतिनिधि संवादकुंज, शक्ति शुक्ला पटवारी, सुश्री दीपिका दीदी ,रवि कुमरे ब्रह्माकुमारी संस्थान ,महेन्द्र कुमार डेहरिया फिल्म मेकर,रेलवे के कर्मचारीयों में बी एल मीणा रेल पथ निरीक्षक ,राजेन्द्र कुमार कुलस्ते, कंदीलाल, केसरी वरमैया, प्रमोद खोजी, जितेन्द्र सिंह सिंगौर, प्रकाश चंद्रवंशी,शैलेन्द्र सोनी, हरिप्रसाद सोनवाने, राहुल कुमार कबीरे ,महेश ठाकरे ,सुनील यादव सहित अन्य कर्मचारीयो की उपास्तिथी मे पौधरोपण किया गया ।

एक वृक्ष मां के नाम पर आयोजित नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकारों ने बेनगंगा प्रेस संगठन के बैनर तले चंद्रजीत सिंह स्टेशन अधीक्षक, मनन कुमार यादव रजनीश सिंह उप स्टेशन प्रबंधकों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की जनरल मैनेजर सु श्रीनीनु इटियेरा के नाम पर रेल विकास को लेकर के ज्ञापन सोपा गया जिसमें मांग की गई है कि केवलारी रेलवे स्टेशन सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेलवे स्टेशन है प्रतिदिन यात्रियों से एवरेजन 25 से 30 हजार की आय है जो केवल एक एक्सप्रेस ट्रेन और दो पैसेंजर गाड़ियों से मिलती है जबकि इस मार्ग पर रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का भी परिचालन होता है। लेकिन केवलारी में उसका स्टॉपेज नहीं है। इस ट्रेन का केवलारी मे स्टापेज होने से केवलारी क्षैत्र के 40 किलोमीटर दायरे में आ रहे 180 गांव के लोगो की कनेक्टिविटी उत्तर भारत से सीधी हो जायेगी ।जबलपुर कटनी मैहर सतना रीवा मनिकपुर,प्रयागराज दीनदयाल उपाध्याय मुगलसराय का आवागमन सरलता से उपलब्ध होगा। ट्रेन संख्या 11755 एवं 11756 रीवा से इतवारी के स्टॉपेज केवलारी में किया जाने सहित रिजर्वेशन खिड़की अभिलंब चालू किये जाने व रेंक पॉइंट से सीधे लोडेड वाहनों के आवागमन के लिए पृथक से प्रस्तावित मार्ग का निर्माण की मांग की गई है । इसके अलावा कार्यक्रम मे उपास्तिथ तहसीलदार श्री सतीश कुमार चौधरी को उपास्तिथ नागरिको ने विश्राम भवन से स्टेशन तक बन रही रोड का काम बंद होने व बंद के मामूली कारणों को निराकृत कर नगर परिषद व ठेकेदार को मार्ग का कार्य प्रारम्भ करने के लिए पत्र भी सौपा गया ।

## 14 को केन्द्रीय गृह मंत्री शाह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे

**सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रसन्नता का विषय है कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह आगामी 14 जुलाई को प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का एक साथ शुभारंभ कर रहे हैं। एक्सीलेंस कॉलेजों की विशेषता है कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। सभी मंत्रीगण अपने-अपने क्षेत्र में कॉलेजों के शुभारंभ कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह बात कही। बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम् गान के साथ आरंभ हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के बजट की सभी ओर सराहना हो रही है। बजट के जन-कल्याण एवं विकास से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर सभी जिलों में संवाद कार्यक्रम किए जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों को राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए बनने वाले एक्सप्रेस-वे तथा सभी विभागों को उपलब्ध कराई गई पर्याप्त राशि से प्रदेश के विकास पर होने वाले प्रभाव के संबंध में जिलों में चर्चा हो।

# मातृ शक्ति संगठन ने अमर शहीदों को नमन किया






**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 12 जुलाई का वो काला दिन जिस दिन मानपुर छत्तीसगढ़ कुर्कुटी क्षेत्र में नक्सलियों से लोहा लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे सहित कुल 29 जवान एक साथ वीर गति को प्राप्त हो गए थे। इन हुतात्माओं की शहादत को नमन करने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें DIG प्रखर पांडे एवं राजनांदगांव SP मोहित गर्ग द्वारा मातृ शक्ति संगठन को आमंत्रित किया गया था । संगठन ने इस श्रद्धांजलि समारोह में पहुँचकर अमर शहीदों को नमन किया एवं उन 29 शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात की । संगठन अध्यक्ष सीमा चौहान ने अपने उद्बोधन में देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिस बल की महती भूमिका पर प्रकाश डाला जिसे सुनकर शहीदों के परिजन भाव विभोर हो गए। अमर शहीद SP विनोद चौबे जी की पत्नी श्रीमती रंजना चौबे सहित पुलिस के आलाधिकारीयों ने संगठन से मुलाकात की एवं संगठन के उद्देश्य को शहीद जवानों के परिजनों के हितार्थ एक ठोस कदम कहा है।

## खबर संक्षेप

### सभी पंचायतों में क्लोरीन व ब्लीचिंग पॉवडर का होगा छिड़काव



**बालाघाट।** बालाघाट नगर से लगे गांव कोसमी का शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलस्त्रोत नालियों तथा ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा की। गांव में डायरिया के प्रभावों को देखते हुए जिले के सभी जनपद सीईओ को पंचायतों में साफ सफाई और जल स्त्रोत के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि गांव में क्लोरीन युक्त पेयजल और नालियों व एकत्रित जल स्त्रोतों के पास ब्लीचिंग पॉवडर का आवश्यक रूप से छिड़काव करेंगे। इस दौरान एसडीएम श्री गोपाल सोनी उपस्थित रहें।

### भवन एवं संनिर्माण कर्मकार में छुटे श्रमिक करा सकते है पंजीयन

**बालाघाट।** मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल में डेटाबेस का इंटीग्रेशन किया जाना है। श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह ने बताया कि पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन नहीं हुआ है। वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीयन सीएससी, एमपी ऑनलाइन, इंटरनेट कैफे या स्वयं वेबसाइट www.esharam.gov.in पर पंजीयन कर सकते है।

### जिनेश कोठारी ने सीए और सीएफए परीक्षा में किया क्वालीफाई



**बालाघाट।** शहर के प्रतिभावान स्टूडेंट जिनेश कोठारी ने पुणे से सीए के साथ ही सीएफए की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का गौरव बढ़ाया है। सीए, चार्टर्ड एकाउटेंड के साथ ही उन्होने सीएफए, चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट की परीक्षा उत्तीण की है। दोनो ही परीक्षा में कामयाबी हासिल करने युवा स्टुडेंट जिनेश पिता रविन्द्र कोठारी का कहना रहा कि लक्ष्य को लेकर तैयारी की जाए तो कोई भी कोई भी परीक्षा पास करने में कठिनाई नही होती है। शुरू से ही उन्होने लक्ष्य तय कर सीए के साथ ही सीएफए की तैयारी की थी। यही वजह है दोनो ही परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होने बताया कि पहले तीन साल नागपुर में तैयारी की और उसके बाद वे पुणे चले गए थे। हाल ही में घोषित परिणाम में जिनेश ने सीए और सीएफए परीक्षा में किया क्वालीफाई किया है। बता दे कि जिनेश ने हायरसकेंडरी 12 बोर्ड में इंग्लिश स्कूल में टॉप किया था।

### दो मंजिला भवन में चल रहें गोरखधंधे पर कृषि विभाग ने की कार्रवाई

# अवैध उर्वरक, कीटनाशक और ब्रॉडेड शासकीय बोरियां जब्त

### फर्म संचालक व सहयोगी सहित 2 कंपनियों के खिलाफ प्रतिवेदन प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जिले के वारासिवनी में कृषि विभाग ने कटंगी रोड़ के काशल घराना उत्कर्ष सिटी परिसर स्थित गोदाम में नकली खाद, बीज और कीटनाशकों का ज़खीरा पकड़ा है। यहां अवैध उर्वरक, कीटनाशक और ब्रांडेड बीज कंपनियों की प्रिंटेड बोरियाँ और सिलाई मशीन जब्त की गई है। इस मामलें में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा टेम्भरे ने बताया कि एग्रीजोन के संचालक श्री अजय कटरे और पौरुष भगत द्वारा गोदाम में प्रिंटेड शासकीय बोरी और अन्य बोरियों में सुपर फॉस्फेट को डाय अमोनियम बनाकर भेजने का काम करते हुए पकड़ा गया है। गोदाम से सिलाई मशीन के साथ ही प्रिंटेड बोरियाँ भी पायी गई। गोदाम से प्राप्त सामग्री के बिल वाउचर भी संचालक के पास नहीं पाए गए। पायी गई सामग्री भी बिना लॉट नम्बर की थी। साथ ही गोदाम के ऊपरी तल के कमरों में अवैध पैकिंग व वैधता अवधि समाप्त हुए कीटनाशकों के ड्रम पाये गए। गोदाम में रखी ब्रांडेड कंपनियों की प्रिंटेड बोरियों को वाहन क्रमांक जीसी-04-एमटी-1186 में भरकर अन्यत्र परिवहन कर छुपाने की कोशिश की जा रही थीं। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना देकर आगे की जांच की गई। जांच के बाद कई तरह की अनियमितताएं सामने आयी है। कृषि विभाग द्वारा पुरी कार्यवाही का प्रतिवेदन कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस थाना वारासिवनी में प्रस्तुत किया गया।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम और बीज अधिनियम के अलावा कई प्रावधानों में प्रकरण दर्ज

गुरुवार देर शाम को हुई इस कार्यवाही के बाद शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के लिये वारासिवनी थाने में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन में ग्राम नरोड़ी एग्रीजोन के संचालक श्री अजय कटरे और खैरलांजी तहसील में खरखड़ी के निवासी पौरूष भगत के अलावा जुबीलैंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रा.लि चित्तौगढ़ व कविता बायो फर्टिलाईजर राजनांदगांव पर एफआईआर दर्ज कराने के लिये उल्लेख किया गया है। प्रतिवेदन में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-318(4), धारा-3(5), आईपीसी की धारा-420 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 व 7, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1885 की धारा-7,8,35 व 19, बीज अधिनियम 1966, बीज नियंत्रण आदेश 1983 की धारा-9 तथा कीटनाशीं अधिनियम 1971 की धारा-3, 13 व धारा-10(1)(डी) का स्पष्ट उल्लंघन करने का उल्लेख किया गया हैं।

### अवैध उर्वरक, रासायनिक व जैविक कीटनाशक किया जब्त

कृषि उपसंचालक राजेश कुमार खोबरागढ़े ने बताया कि कृषि और पुलिस विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में चित्तौड़गढ़ राजस्थान की जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रा.लि. का सुपर अल्ट्रागोल्ड की 50 कि.ग्रा. के भर्ती में 1200 बोरियों में 600 क्विंटल उर्वरक बरामद की गई। वहीं छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की कंपनी कविता बॉयो फर्टिलाइजर की आनंद छाप सुपर पावडर की 50 किग्रा की भर्ती में 300 बोरियों में कुल मात्रा 150 क्विंटल, अहमदाबाद की सूजल जीपी. एग्रो लाईफ की 50 किग्रा.भर्ती में 93 बोरियों कुल मात्रा 46.50 क्विटल उर्वरक जब्त किया गया। इसके अलावा गुजरात राजकोट की जीपी एग्रो लाइफ कंपनी के हैक्जाकोनाजोन के 20 बाक्स, थायनेट 10-जी के 80 ड्रम, छत्तीसगढ़ दुर्ग की कंपनी फार्मर बायोग्राफ साइंस के 42 बॉक्स तथा गुजरात की कंपनी जीपी एग्रो लाइफ के काग्रोमेन फंजीसाइड के 06 बॉक्स भी बरामद हुये। वहीं जैविक कीटनाशकों में जीएस ग्राफ साइंस कुमारखेड़ा की कंपनी के सर्वशक्ति जाइम की 200 बाल्टी, पारस विटा गोल्ड आर्गेनिक मैन्यूर की 50 बाल्टियॉ, रूट पावर की 28 बाल्टियॉ, फ्युरेन 3-जी कार्बोफ्युरान के 35 बैग तथा अन्य कीटनाशकों में केनान सल्फर, जेल्शन, आतंक बुस्टर, थार-30, क्योटेक सूपर, एसपी क्लोरोसील की कुल 1000 बॉटल और ब्रॉण्डेड कंपनियों की खाली प्रिंटेड बोरियॉ काफी मात्रा में पायी गई। इसमें एनपीके 20.20.00.13 ब्राण्ड की इण्डियन पोटाश लि.मि. की लगभग 400 बोरियॉ, 18:46:0 इफको की 1200 बोरियों, किसान पावर एनपीके 12:32:16 ऑर्गेनिक फर्टीलाईजर की 1500 बोरियों आनंद छाप किसान की पहली पसंद सुपर दानेदार निर्माता कम्पनी कविता बायो फर्टीजाईजर परमालकसा जिला- राजनांदगाँव की 50 बैग, चिन्नुर सीड्स प्रोड्यूसर कम्पनी लि.मि. वार्ड 21 सर्किट हाऊस रोड़ बालाघाट की 100 बैग, रतनदीप पेडी सीड्स सावंगी तहसील-वारासिवनी, जिला-बालाघाट की 150 बैग का अवैध भण्डारण करना पाया गया।

## बीजा प्रजाति की चिरान 32 नग किया जब्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 12 जुलाई को उपवनमंडलाधिकारी उकवा (सा०) द्वारा जारी सर्च वारंट क्रमांक 4151 दि. 12/07/24 के द्वारा दयाराम दमाहे निवासी बुढ़ियागांव थाना लामता के मकान की तलाशी कर मकान से बीजा प्रजाति की चिरान कुल 32 नग =0.214 घन०मी० जप्त कर प्रकरण क्र० 2512/88 दि. 12/07/24 के द्वारा दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में दिनेश कुमार बारिये (उपवनक्षेत्रपाल),वनपाल रेखा भलावे, लता कुंभरे,वनरक्षक सुरेंद्र कुमार रंगारे, धर्मेंद्र जाटव, इमरान कुरैशी, हिमांशू डहरवाल,शेख़ रशीद,नरेंद्र बिसेन (सु०श्र०) एवं अन्य वनकर्मी व सुरक्षा श्रमिकों विशेष योगदान रहा।।

## 17 दिनों से स्कूल नहीं पहुँचे शिक्षक, मामलें में जनशिक्षक और शिक्षक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने परसवाड़ा जनपद में शेरपार प्राथमिक विद्यालय के संकुल के जनशिक्षक और शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। ज्ञात हो कि गुरुवार को परसवाड़ा विकासखंड अधिकारी श्री डीडी ठाकुर ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान शिक्षक श्री भूपेश शरणागत पिछले 17 दिनों से स्कूल नहीं आने और बच्चों के साथ उनके व्यवहार के सम्बंध में भी तथ्य संज्ञान में लाये गए थे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस मामलें में जनशिक्षक खेमराज ठाकरे से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा है कि क्यों न निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए 2 वेतन वृद्धि रोकी जाए ? मप्र सिविल सेवा(आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत कदाचरण मानते हुए 3 दिनों का समय जवाब प्रस्तुत करने के लिए दिया है। इसी तरह प्राथमिक शिक्षक भूपेश शरणागत पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए 1 वेतन वृद्धि रोकने और अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि का डाइज नान अवकाश स्वीकृत किया गया है। साथ ही इन सम्बंध में 3 दिनों में जवाब भी प्रस्तुत करना होगा।

### बीईओ व बीआरसी को सतत निरीक्षण के निर्देश

17 दिनों से नदारद शिक्षक के संज्ञान आने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समस्त बीईओ व बीआरसी को सतत निरीक्षण के निर्देश जारी किए है। साथ ही निर्देश दिये है कि यदि शालाओ में कोई समस्या है तो उसका त्वरित निराकरण कर अपने वरिष्ठ अधिकारी के संज्ञान में लाऍ। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि शालाएँ नियमित संचालित हो रही है या नही, पदस्थ शैक्षणिक अमला नियमित रूप से उपस्थित है या नही। ऐसा न पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए है।

### जिले में 10 इंच के करीब पहुंची वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 246.6 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 10 के करीब वर्षा पहुंच चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा परसवाड़ा तहसील में 13 इंच से अधिक यानी 338.1 मिमी हुई है। इसके बाद वारासिवनी तहसील में 319.4 मिमी 12 इंच से अधिक, बैहर में 12 इंच से अधिक 316.8 मिमी., बिरसा में 300.7 मिमी. 12 इंच, तिरोड़ी में 284.8 मिमी 11 इंच से अधिक, बालाघाट में 280.2 मिमी 11 इंच से अधिक, लालबर्रा में 252 मिमी 10 इंच, कटंगी में 229.5 मिमी 9 इंच से अधिक, किरनापुर में 150.6 मिमी 6 इंच, लांजी में 128.9 मिमी 5 इंच और सबसे कम खैरलांजी में 114.9 मिमी अर्थात 4 इंच से अधिक वर्षा हुई है।जिले में बीते 24 घंटो के दौरान सबसे अधिक वर्षा कटंगी तहसील में 47.8 मिमी अर्थात 2 इंच के करीब वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं वारासिवनी में 38.3 मिमी 1 इंच से अधिक, बिरसा में 18 मिमी, किरनापुर में 15.2 मिमी, तिरोड़ी में 6.2 मिमी, लांजी में 6.1 मिमी और बैहर में 5.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई है।

## कल शासकीय महाविद्यालय में होगा पी एम कालेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी में कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग, जबलपुर के पत्रानुसार पी0एम0 कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम 14 जुलाई 2024 को दोपहर 01.45 बजे से केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव म0 प्र0 शासन की अध्यक्षता में किया जाना है। कार्यक्रम के ऑनलाईन प्रसारण की व्यवस्था इंदिरा कक्ष, कक्ष क्रमांक 05 (स्मार्ट क्लास), कक्ष क्रमांक 28, डब्ल्यू बी 01 एवं डब्ल्यू बी 02 में की गई है।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में किया जाना है। इसीलिए महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/ सहायकप्राध्यापक/ कर्मचारी/ अतिथि विद्वान/ जनभागीदारी शिक्षक/ जनभागीदारी कर्मी एवं छात्र-छात्राओं की कार्यक्रम में उपस्थिति अनिवार्य है। जिससे उन्हें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में चल रहे अन्य कार्यो की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

विदित हो कि नई शिक्षा नीति लागू करने वाला म0प्र0 देश का प्रथम राज्य है एवं इसे लागू किये तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस दिशा में पी0एम0श्री उत्कृष्ठ महाविद्यालय प्रारंभ किया जाना म0प्र0 के विद्यार्थियों को संपूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, शिक्षा के वैकल्पिक अवसर उपलब्ध कराने तथा एक सुशिक्षित नागरिक बनाने के लिये महती कदम है।

## सकंल्प- हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमन के अंतर्गत मतृत्व लाभ, भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दी गयी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रशांत दीप सिंह ठाकुर व हब नोडल श्रीमती दीपमाला मंगोडिया के नेतृत्व में संकल्प हब फॉर एमपावेरमेंट ऑफ़ वुमन के 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत चतुर्थ सप्ताह में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें 40 मकान आंगनवाड़ी बैहर, सीएम राइस स्कूल बालाघाट, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय माध्यमिक शाला नारंगी ,नवीन कन्या उच्चतर विद्यालय, एकीकृत माध्यमिक शाला लूढ़, विवेक ज्योति स्कूल, सरेखा आंगनवाड़ी केंद्र ,परसवाड़ा आजीविका मिशन की दीदियों और ग्रामीण महिलाओं को उचित पोषण ,स्वास्थ्य, कुपोषण से होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी, एनीमिया के कुप्रभाव, वन स्टॉप सेंटर ,महिला हेल्पलाइन 181, भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चो से जुड़े उपबंध के बारे में चर्चा की गई जिसमे स्कूल के छात्र छात्राओं, गर्भवती, धात्री महिलाए, किशोरी बालिकाएं, एवं ग्रामीण महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर एक नया अध्याय समर्पित किया गया उसकी जानकारी दी गई।

इस दौरान बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार के लिए आजीवन कारावास और मृत्युदंड का प्रावधान, धारा 69 के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति शादी, रोज़गार या प्रमोशन का झूठा वादा कर महिला से यौन संबंध बनाता है तो उसे सज़ा होगी। वहीं अगर कोई पुरुष किसी महिला का पीछा करता है। महिला के मना करने पर बार-बार उससे बात करने की कोशिश करता है। महिला के इंटरनेट चलाने, ई-मेल या किसी दूसरे इलेक्ट्रॉनिक संचार पर नज़र रखता है, तो यह अपराध है। इसके साथ ही किसी बच्चे को खरीदना और बेचना एवं किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से जिला मिशन समन्वयक सुश्री रचना चौधरी, वन स्टॉप सेंटर से यनिता रहांगडाले, प्रीति हरिनखेड़े, संध्या चौधरी, अधिवक्ता विजेता राऊत, गायत्री स्वामी, जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती नेहा ठाकुर उपस्थित रही ।

## अंधेरे में संचालित हो रही परीक्षाएं : प्राचार्य ने शिकायत के बाद नहीं की सुनवाई, जनभागीदारी सदस्य आयुक्त को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार बीते एक माह से राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में बी.ए., बी.कॉम, बी.एस.सी, एम.ए, एम.एस.सी, बी.एस.डब्ल्यू, एम.एम.डब्ल्यू की परीक्षाएं अव्यवस्थाओं के बीच संचालित हो रही है. परीक्षार्थियों को अंधेरे में बैठकर प्रश्न पत्र हल करना पड़ रहा है जिससे परीक्षार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इन अव्यवस्थाओं को लेकर जनभागीदारी समिति सदस्य टेलेन्द्र बाघमारे ने पूर्व में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल शेंडे को व्यवस्था दुरुस्त करने का अनुरोध किया था किन्तु आज दिनांक 12 जुलाई तक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया. जिसके चलते जनभागीदारी समिति सदस्य ने पूरे मामले को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, अतिरिक्त संचनालय जबलपुर, कुलपति राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, सांसद भारती पारधी, कलेक्टर बालाघाट डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विधायक गौरव सिंह पारधी को पत्र लिखा है. इसके साथ ही उन्होंने प्रभारी प्राचार्य को पद से हटाकर किसी दायित्ववान प्रोफेसर को पदभार देने की मांग रखी है.

परीक्षार्थियों ने नाम प्रकाशित ना करने की शर्त पर बताया कि महाविद्यालय में काफी व्यवस्था फैली हुई है. बारिश के दिनों में क्षतिग्रस्त कुंए का दूषित पानी पीना पड़ रहा है. जिस कारण डायरिया जैसी बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है. टेलेन्द्र बाघमारे ने बताया कि जिस कुंए का दूषित पानी विद्यार्थियों को पिलाया जा रहा है. उस कुएं को बंद करने का प्रस्ताव जनभागीदारी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से पास हो चुका है. बावजूद इसके अब तक कुंए को बंद नहीं किया गया और प्रभारी प्राचार्य की इस घोर लापरवाही से विद्यार्थियों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है. वैसे तो महाविद्यालय में 02 आर.ओ. वाटर कूलिंग मशीन लगी हुई है किंतु मशीन खराब है जिस कारण पानी फिल्टर नहीं हो पाता और मशीन से निकलने वाले पानी में बदबू आती है. टेलेन्द्र ने बताया कि बीते कई महीनों से मशीन की सफाई नहीं हुई है।

बता दें कि राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में कई लाखों रुपए की लागत का जनरेटर है ताकि बिजली गुल होने पर भी किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो. मगर, करीब डेढ़ वर्ष से जनरेटर खराब है और इसकी मरम्मत तक नहीं करवाई गई. जिस वजह से बरसात में मौसम अब भी जब कभी भी बिजली कटौती हो जाती है तो पूरा कॉलेज अंधेरे में डूब जाता है अभी जब कॉलेज में परीक्षाएं प्रांरभ है तो परीक्षार्थियों को अंधेरे में बैठकर परीक्षा देनी पड़ रही है।

### मामले को गंभीरता से ले शिक्षा विभाग ...

## एक ही शिक्षक के भरोसे चल रही ग्राम जाम की जाम कन्या माध्यमिक शाला

### विद्यालय में विषय अनेक, शिक्षक एक ; कैसे होगी पढ़ाई, आखिर कैसे होगा अच्छी शिक्षा का छात्र-छात्राओं का सपना साकार

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



लालबर्रा क्षेत्र में अनेको शासकीय स्कूल ऐसे भी है जहां पर पूरा विद्यालय सिर्फ एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहा है ना तो बच्चे पढ़ाई कर पा रहे हैं और न ज्ञान अर्जित कर पा रहे हैं आखिर कैसा उज्जवल होगा बच्चों का भविष्य जो सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल खड़े करता है बच्चों के सुंदर और अच्छे भविष्य के मामले में किसी भी जनप्रतिनिधि ने आज तक सुद तक नहीं ली लालबर्रा क्षेत्र के ऐसे तमाम स्कूल जहां के विद्यार्थी शिक्षक़ो की कमी से जूझ रहे हैं स्कूल मे क्लास अच्छे से नहीं लग पा रही है ताज्जुब करने वाली बात तो यह है कि स्कूल प्रबंधन एक ही कमरे में तीन क्लास के सभी बच्चों को बैठल कर अलग-अलग सिर्फ दो विषयों पर ही पढ़ाया जा रहा है अन्य विषयों की पढ़ाई नहीं हो रही जो बहुत ही हैरान करने वाली बात है सरकार कहती है कि अच्छी शिक्षा,अच्छा स्वास्थ्य परंतु सरकार के दावे जमीन पर नजर नहीं आ रहे l ऐसा ही मामला नगर मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जाम के कन्या माध्यमिक शाला में देखने को मिला जहां पर सिर्फ एक ही शिक्षक के भरोसे तीन क्लास के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई का जिम्मा सौंपा गया है l विचार करने वाली बात तो यह है कि विद्यालय में विषय अनेक,शिक्षक एक,, कन्या माध्यमिक शाला में अध्यनरत कक्षा आठवीं की छात्रा नयनसी लिल्हारे ने मिडिया को बताया कि हमारे स्कूल में एक ही टीचर है स्कूल में पूरे विषयों पर पढ़ाई नहीं हो पा रही है व हीं दूसरी छात्रा ने बताया कि मैं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जाम में कक्षा आठवीं में पढ़ती हूं हमारे स्कूल में एक ही शिक्षक है और वह दो विषयों पर इंग्लिश और गणित ही पढ़ते हैं बाकि के विषयों पर पढ़ाई नहीं हो पा रही है l जल्द से जल्द स्कूल में टीचरों की पद स्थापना हो ताकि हम सभी विषयों पर अध्ययन कर सके l सवाल यह उठता है कि शिक्षा का नया सत्र शुरू हुए लगभग महीने गुजरने वाले हैं और ऐसे में लालबर्रा क्षेत्र के लगभग दर्जनों शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी शिक्षकों की पदस्थापना न होना पात्र छात्राओं के भविष्य से सिर्फ खिलवाड़ ही है शिक्षा विभाग को चाहिए कि जल्द से जल्द शिक्षकों की भर्ती करें और विद्यालयों में समस्त विषयों पर छात्र-छात्राओं को पढ़ायाा जाए। गंभीर मामले पर जब प्राचार्य एल. आर. रंगारे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि कन्या शाला में विगत वर्ष से एक रेगुलर और दो अतिथि शिक्षक ऐसे तीन लोगों का स्टाफ है वर्तमान स्थिति में शासन स्तर पर अतिथि शिक्षक हेतु निर्देश जारी नहीं किया गया है हमारे द्वारा उच्च अधिकारियों क़ो आ रही समस्या से अवगत करा दिया गया है।